# हरिभूमि

रोहतक

मंगलवार, 1 जुलाई 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 151

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 38.0

न्यून. 23.3

डॉक्टर्स-डे आज




भारत सरकार

Digital India
Power To Empower

## डिजिटल क्रांति ने बदली भारत की तस्वीर
## समावेशी विकास, अनंत अवसर

- **दुनिया में सबसे सस्ता डाटा भारत में -** 2014 के ₹300+ प्रति GB से घटकर डाटा की दर आज ₹10 से भी कम
- **UPI से प्रति सेकंड ₹1 करोड़ का लेन-देन -** दुनिया का हर दूसरा डिजिटल लेन-देन भारत में होता है
- **मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों की संख्या 2 से बढ़कर 300 से अधिक -** भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है
- **5G विस्तार की रिकॉर्ड गति -** भारत 5G का सबसे तेज विस्तार करने वाले देशों में शामिल; मात्र 22 महीनों में 99.6% जिलों तक पहुंचा 5G
- **गांव-गांव तक इंटरनेट -** 42+ लाख रूट किमी हुई ऑप्टिकल फाइबर की लम्बाई; 2.18 लाख ग्राम पंचायतें जुड़ीं
- **कॉमन सर्विस सेंटरों की संख्या पांच गुना बढ़ी -** 2014 के 96000 के मुकाबले 2025 में 5.76 लाख सेंटर कार्यरत
- **भारत में सेमीकंडक्टर का नया युग -** 2024 में ₹4+ लाख करोड़ के मार्केट के साथ भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर
- **अब बिचौलिए नहीं, हक़दार को मिला हक़ -** डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचा ₹44.5+ लाख करोड़ का लाभ, लीकेज रुका तो ₹3.5 लाख करोड़ की बचत हुई
- **पारदर्शी हुई खरीद प्रक्रिया -** GeM के माध्यम से ₹13.4+ लाख करोड़ की ऑनलाइन सरकारी खरीद
- **सशक्त अन्नदाता -** e-NAM से 1400+ मंडियां जुड़ीं, जिससे किसानों ने किया ₹4 लाख करोड़ मूल्य की कृषि उपज का व्यापार



क्लिक और क्लाउड का कमाल

## डिजिटल इंडिया के 10 साल

CBC 06124/13/0001/2526

## खबर संक्षेप



### तेजपाल सभ्रवाल 30 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित प्रेस शाखा में कार्यरत अधीक्षक तेजपाल सभ्रवाल आज अपनी तीस वर्षों की सेवा पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो गए। तेजपाल ने विभाग में 31 जुलाई, 1995 को लिपिक के पद पर अपनी सेवाएं आरंभ की थी। उन्होंने प्रेस शाखा के प्रेस फेसिलिटि अनुभाग में 1997 से अपनी ज्वाइनिंग की थी और अधीक्षक के पद पर तक कार्य किया। तेजपाल के सेवानिवृत्त पर आज हरियाणा सिविल सचिवालय के कार पार्किंग में स्थित डॉ. अम्बेडकर सभागार में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रेस शाखा के प्रभारी संयुक्त निदेशक डॉ. साहिब राम गोदारा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

### पहली बरसात में ही फेल हुए सरकारी दावे : हुड्डा

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में पहली बारिश में ही तमाम सरकारी दावे फेल हो गए। पहली बारिश ने ही भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की भी पोल खोलकर रख दी। गाँव से लेकर शहरों तक जलनिकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने से फसल, संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। राज्य के अनेक जिलों में चरमराई जलनिकासी व्यवस्था के कारण खेतों, गलियों, सड़कों और कॉलोनियों में लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रदेश में कांग्रेस जिला अध्यक्षों के चयन का मामला

# दिल्ली हाईकमान के पास पहुंची रिपोर्ट इस बार राहुल लगाएंगे नाम पर मुहर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के अंदर कांग्रेस का संगठन मजबूत बनाने और जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को लेकर अधिकांश पर्यवेक्षकों ने काम पूर्ण कर हाईकमान के पास में रिपोर्ट भेज दी है। अगले सप्ताह तक राहुल गांधी खुद जिला अध्यक्षों के नामों पर मंथन कर खुशखबरी सुनाने की तैयारी में हैं। खास बात है कि तय समय सीमा में अधिकांश ने प्रक्रिया को पूर्ण कर रिपोर्ट देर शाम तक समय हाईकमान के पास भेजी है। इस बार जिला अध्यक्षों के नाम पर अंतिम फैसला राहुल गांधी करने जा रहे हैं, वैसे, रिपोर्ट की कापी राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी व वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल को भेजी गई है। इस तरह से पहले चरण का काम व प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, छह-छह नामों के पैनल हाईकमान को सौंपे गए हैं। कुल मिलाकर इस बार राहुल गांधी इस बार जिला अध्यक्षों के नाम का एलान करने की तैयारी में है, इस पर अंतिम फैसला भी राहुल ही लेंगे। उन्होंने पिछले दिनों चंडीगढ़ दौरे के दौरान तय समय सीमा के अंदर नामों का पैनल बिना किसी दबाव और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए। बता दें कि गत पिछले कईं दिनों से पर्यवेक्षकों को साफ कर दिया गया था कि समय सीमा के अंदर प्रक्रिया को पूरा कर 30 जून तक अपनी रिपोर्ट तैयार कर सबमिट कर दें। जिसके तहत ही अधिकांश जिलों में प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। सोमवार को रिपोर्ट हाईकमान को भेज दी गई। विभिन्न जिलों में जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन देने वाले उम्मीदवारों से साक्षात्कार पहले ही पूर्ण हो चुके थे।

#### राहुल की हरियाणा पर नजर



प्रदेश के अंदर 11 साल से संगठन नहीं है, देसाई का कहना है कि राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों ही प्रदेश के अंदर बेहतर संगठन तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जनता की लड़ाई लड़ने वाले चेहरों को आगे लाने का प्रयास हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि सोमवार तक सभी की रिपोर्ट सबमिट कर दी जाएगी। पहले चरण का का कामकाज पूर्ण हो जाने के साथ ही जिला अध्यक्षों के नाम का फैसला इस बार सीधे ही दिल्ली हाईकमान की ओर से होगा। कांग्रेस हाईकमान द्वारा भेजे गए विशेष दूतों को पहली दूसरी तीसरी प्राथमिकता देने का भी साफ साफ निर्देश था। कांग्रेस में इस बार मजबूत संगठन खड़ा करने और संगठन की जिम्मेदारी उठाने वाले मजबूत नेताओं से ही विस और लोकसभा चुनावों में उम्मीदवार चयन की जिम्मेदारी को लेकर भी फीडबैक लिया गया है।

#### जातिगत गणित बैठाने पर भी फोकस

इस बार एससी और बीसी महिलाओं का नाम पैनल में यहीं से शामिल कर भेजा गया है। हर जिले में जातिगत गणित और सोशल इंजीनियरिंग भी कांग्रेस की ओर से की जा रही है। खास बात यह है कि छह नामों में एक एक नाम एससी और बीसी महिला का अनिवार्य तौर पर दिया जाना था, इसके लिए बाद में कोई भी बदलाव करने का विकल्प नहीं दिया गया है, इस लिए छह नामों में दो महिलाओं के नाम जाएंगे यह भी पूरी तरह से साफ बात है। भरोसेमंद सूत्र बता रहे हैं कि हर जिले से छह छह नामों का पैनल बनाकर तैयार कर लिया है, इक्का दुक्का में कुछ काम बाकी था, समाचार लिखे जाने तक उसको भी देर रात तक पूर्ण कर लिए जाने की बात कही जा रही है।

#### एआईसीसी से आए लालजी देसाई

उदाहरण के तौर पर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान में कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई पंचकूला जिले में आए हुए थे। उन्होंने साफ कर दिया था कि सभी जिलों में कामकाज चल रहा था, उन्होंने प्रक्रिया समझाई और कहा कि सबसे पहले सभी सैकड़ों की संख्या में कालका, पंचकूला के वार्डों स्तर पर भी संबोधन, बाद में वन टू वन सुना गया है। इसके अलावा छोटी बड़ी बैठकें की जाती हैं। देसाई का कहना है कि वार्डअनुसार, व्यक्तिगत सुनने का काम भी किया है। दो हिस्सों में प्रदेश के पर्यवेक्षक सुन रहे हैं, दूसरी तरफ केंद्र के पर्यवेक्षक सुनते हैं। पांच सौ से ज्यादा लोगों ने अपनी रायशुमारी हमे दी है। जिन उम्मीदवारों ने फार्म भरे हैं, उनकी बात भी सुनी गई, प्रत्याशी का वन टू वन साक्षात्कार किया गया। कांग्रेस की विचारधारा को लेकर भी इंटरव्यू में सुना गया है। कार्यकर्ताओं में कौन कितना वक्त, शक्ति दे सकेंगे। पार्टी को लेकर विजन क्या है।

#### सीएम ने दिए निर्देश

### अनटैप्ड सीवरेज व औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में न डालें



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी अनटैप्ड सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में प्रवाहित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि गंदे पानी को ड्रेनों में गिरने से पूरी तरह रोका जा सके। प्रारंभिक चरण में अंबाला, कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिलों में इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन माह के भीतर इन जिलों में उल्लेखनीय सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री आज यहां बजट घोषणाओं की प्रगति के बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में किए गए सभी वादों को समय पर पूरा किया जाए ताकि प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि श्री नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्री का दायित्व भी है, ने इस वर्ष मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए राज्य बजट में कई घोषणाएं की थीं।

### मनसा देवी मंदिर में चोला अर्पित करने की बुकिंग शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा में श्री माता मनसा देवी पंचकूला, श्री काली माता मंदिर कालका व श्री चण्डीमाता मंदिर में देवी को चोला अर्पित करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पूजास्थल बोर्ड की सीईओ निशा यादव ने बताया कि 6 जुलाई से 20 अगस्त तक चोला अर्पित करने के लिये ऑनलाइन बुकिंग 2 जुलाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। श्रदालु बोर्ड की वेबसाइट www.mansadevi.org.in पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# फार्मेसी नीति को अंतिम रूप दें, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

#### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बैठक में दिए निर्देश



हरियाणा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने चंडीगढ़ में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभागों की कार्यप्रणाली और चल रहे स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने संबंधित विभागों को फार्मेसी नीति को बिना किसी देरी के अंतिम रूप देने और फार्मासिस्ट तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया को प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं में उचित स्टाफ मिल पाए। एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदम के तहत, मंत्री ने यह पुनः स्पष्ट किया कि सभी सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस उपचार पूरी तरह से निःशुल्क कर दिया गया है, भले ही मरीज की आय कोई भी हो। उन्होंने राज्यभर में डायलिसिस सेवाओं के बारे में कहा कि यह सेवा समान रूप से पारदर्शी तरीके से बिना किसी रुकावट के रोगी को मिले।

#### निर्माणाधीन इमारतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें

बैठक के दौरान, मंत्री ने अधिकारियों से स्वास्थ्य परियोजनाओं के निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए और इस बात पर जोर दिया कि अस्पतालों की निर्माणाधीन इमारतों के विकास की निगरानी और समन्वय के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 191 दिनांक 23.06.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना आई एम टी रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - मोनिका
पिता/पति- पुत्री कुलदीप
पता - निवासी आसन जिला रोहतक
उम्र- 17.5 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला जिस्म।

दिनांक 23.06.25 को मोनिका पुत्री कुलदीप निवासी आसन जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई एम टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई एम टी रोहतक- 7015053696

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 263 दिनांक 25.06.2025 धारा 140(3) BNS 2023 थाना शहर रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम – दिपांशु
पिता/पति-
पता - निवासी सिलाना खरखौदा हाल कच्चा चमारिया रोड राजीव नगर रोहतक।
उम्र- 14 वर्ष
कद- 4 फुट।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा।
पहनावा - काले रंग की पैंट, काली शर्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 25.06.25 को दिपांशु निवासी सिलाना खरखौदा हाल कच्चा चमारिया रोड राजीव नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9896155073

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 268 दिनांक 24.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - माया
पिता/पति - पत्नी राजकुमार
पता - निवासी किरायेदार कमला नगर रोहतक
उम्र- 40 वर्ष
कद- 5 फुट 1 ईंच।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - सफेद रंग का कमीज, हल्के स्लेटी रंग की सलवार पहने हुए है।

दिनांक 24.06.25 को माया पत्नी राजकुमार निवासी किरायेदार कमला नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466048800

पीआरडीएच-1084/11/3569/2026/36065/88/6 दि. 30.06.25


## उत्तर रेलवे

### ई. निविदा

**खुली निविदा संख्या 16–अम्बाला/2025–26 दिनांक 30.06.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/सीडीजी के अधीन सीडीजी में रेलवे संस्थान का प्रावधान। | 1,73,76,912 | 2,36,900 | 08 महीने | 23.07.2025 |
| 2 | पटियाला गुड्स शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स कार्यालय शामिल है। | 2,72,69,035 | 2,86,400 | 08 महीने | 23.07.2025 |
| 3 | यूएमबी डिवीजन में एलएचए, एसएफएमयू, एसएजी और बीएक्ससी में गुड्स शेड के उन्नयन के लिए शेष कार्य। | 9,84,67,116 | 6,42,300 | 10 महीने | 23.07.2025 |
| 4 | एडीईएन/सरहिंद के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/सरहिंद अनुभाग में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन "ए"/सरहिंद (एसआईआर–आरपीएआर और एनएमडीए–एसएनएल) के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 94,99,687 | 1,90,000 | 12 महीने | 23.07.2025 |
| 5 | एडीईएन/राजपुरा के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/राजपुरा अनुभाग में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन राजपुरा के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 1,54,99,892 | 2,27,500 | 12 महीने | 23.07.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1971/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED

District Office- Hafed, Rohtak (Haryana). TEL: (01262)- 276856
E.Mail: dmhfdrtk@hry.nic.in

### E-TENDER NOTICE FOR TRANSPORTATION OF FERTILIZER

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) Rohtak invites E-tender for various transport operation of fertilizer to be handled for district Rohtak and Jhajjar (including various centres) of fertilizer from Rail Head/Hafed Rohtak, to various Mini Banks/PACS in the jurisdiction of district Rohtak and Jhajjar, and other places outside of district in Haryana for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026.

| Sr. No. | Name of Centre | Amount of Earnest for Transportation | Tender Document Fee and E services fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rohtak | 20,000 | Rs. 2000/-+ | 30.06.2025 | 07.07.2025 |
| 2. | Jhajjar | 15,000 | Rs. 1000/-=3000/- | At 06.00 P.M. | At 10.00 A.M. |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in. The schedule of downloading of tender document & bid submission and opening of Technical & Financial Bid is given as under :-

| SN | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Super scribed No. of Tender | Hafed/DOR/Fert./Tender |
| 2 | On line submission of EMD, Tender Fee & e-service Fee | From 6:00 PM on 30.06.2025 |
| 3 | On line Bid submission | Upto 10.00 AM on 07.07.2025 |
| 4 | Date and Time of opening of Technical Bids | At 11.30 AM on 07.07.2025 |
| 5 | Date and Time of opening of Financial Bids of only valid Tenderer | As per decision of the tender committee |

All bidders are required to get register on e-tendering portal https://etenders.hry.nic.in for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at District Office, Hafed Rohtak and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**Sd/- District Manager, Hafed Rohtak**

## THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED

District Office- Hafed, Rohtak (Haryana). TEL: (01262)- 276856
E-Mail : dmhfdrtk@hry.nic.in

### E-TENDER NOTICE FOR LABOUR & CARTAGE OF FERTILIZER

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) Rohtak invites e-tender for various Labour operations and Cartage of fertilizer to be handled for district Rohtak and Jhajjar (including various centres) for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026.

| Sr. No. | Name of Centre | Amount of Earnest for Labour & Cartage | Tender Document Fee and E services fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rohtak District | 20,000 | Rs. 2000/-+ | 30.06.2025 | 07.07.2025 |
| 2. | Jhajjar District | 15,000 | Rs. 1000/-=3000/- | At 06.00 P.M. | At 10.00 A.M. |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in. The schedule of downloading of tender document & bid submission and opening of Technical & Financial Bid is given as under :-

| SN | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Super scribed No. of Tender | Hafed/DOR/Fert./Tender |
| 2 | On line submission of EMD, Tender Fee & e-service Fee | From 06:00 PM on 30.06.2025 |
| 3 | On line Bid submission | Upto 10.00 AM on 07.07.2025 |
| 4 | Date and Time of opening of Technical Bids | At 11.00 AM on 07.07.2025 |
| 5 | Date and Time of opening of Financial Bids of only valid Tenderer | As per decision of tender committee |

All bidders are required to get register on e-tendering portal https://etenders.hry.nic.in for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at District Office, Hafed Rohtak and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**Sd/- District Manager, Hafed Rohtak**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत मौजूदा पारम्परिक स्ट्रीट लाइट्स को बदलना, नई एलईडी स्ट्रीट लाइट्स और सीसीएमएस की स्थापना। | 25.06.2025 24.07.2025 | 3322 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में त्रुटि जिम्मेवारी अवधि में से स्ट्रीट लाइट्स का प्रचालन और रखरखाव। | 25.06.2025 08.07.2025 | 275.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में वार्ड नं. 1 से 22 में स्थित मौजूदा शौचालय 113 अदद (98 अदद सार्वजनिक शौचालय, 9 अदद कार्यालय शौचालय और 6 अदद चलायमान शौचालय) का रखरखाव, मरम्मत, पुनरोद्धार और उपयुक्त देखरेख का प्रावधान (एक वर्ष हेतु अनुमानित लागत) (पुनः आमंत्रण)। | 28.06.2025 14.07.2025 | 136.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-1 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-2 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 6 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-3 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 7 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-4 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 8 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-5 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/160/36075/I/88/6 दि. 30.06.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला बरौला रोड से मथेरी (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 9.410) (रोड आईडी 24 और 15) तक सम्पर्क सड़क को ऊपर उठाना और पुनर्निर्माण (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 27.06.2025 07.07.2025 | 94.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढ़ौरा (सढ़ौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत विभिन्न 4 अदद सड़कों को चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (आईडी 942, 987, 993, 996) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 2 कार्य। | 28.06.2025 08.07.2025 | 1325.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव बगरू कलां में राजकीय चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 25.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | 6 अदद रोड का सुधार अर्थात कैथल जिले में कैथल चीका से डेरा दिल्लू राम (आईडी 7011), पापसर ककराला से डेरा बाजीग्राम तक (आईडी 7058), कैथल जिले में सोथा-कंगथली रोड से कैथल-चीका रोड वाया नाहरी पात्री तक (आईडी 10869), कैथल जिले में चीका से काक्योर (रोड आईडी 6997), कैथल जिले में मारकंडा डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ-साथ बलबेहरा रोड क्रॉसिंग से खारकां रोड तक रोड (आईडी 12210) और कैथल जिले में एप. रोड से डेरा जस्सा सिंह (आईडी 6985) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2025 | 1420.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | महेन्द्रगढ़ कैनाल के कि.मी. 15.650 पर पम्प हाउस एमसी-II के लिए सम्प सफाई। | 26.06.2025 02.07.2025 | 3.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | दयाल सिंह कॉलोनी:- दयाल सिंह कॉलोनी जिला हिसार के लिए स्वतंत्र नहर आधारित जल घर का निर्माण, '350 एमएम आरसीसी एनपी2 इनलेट चैनल, 2 अदद ब्रिक लाइनिंग एस/एस टैंक, रॉ वाटर और स्वच्छ जल हेतु एसएस वेल, 2 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, 4 अदद आरसीसी फिल्टर बैड्स, पम्प चेम्बर, चारदिवारी का निर्माण, डीआई पाइप लाइन्स, वितरण प्रणाली बिछाना, एफएचटीसी आपूर्ति और पंपिंग मशीनरी, विद्युत पैनल, सीआई डीएफ/पीई स्पेशल्स की स्थापना, वितरण प्रणाली समेत 3 माह की ट्रायल अवधि के पश्चात 5 वर्ष के लिए जलघर का प्रचालन व रखरखाव, डीएनआईटी के अनुरूप चालू करना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.06.2025 09.07.2025 | 357.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज कैथल | नैना - मुंदरी रोड पर गांव सेगा, सिसमोर, नैना में बस शेल्टर का निर्माण। | 26.06.2025 02.07.2025 | 6.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव बरता ब्लॉक कैथल में माना वाला तालाब का विकास, OHRKTLKTL0007BART005. | 28.06.2025 07.07.2025 | 72.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद अम्बाला | गांव उगाला ब्लॉक बराड़ा - गांव उगाला ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 26.06.2025 02.07.2025 | 45.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 11 | सिविल सर्जन रोहतक | जिला रोहतक, हरियाणा के लिए एनटीईपी के तहत ट्यूबरकुलोसिस सम्बन्धित सेवाओं के प्रावधान हेतु पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी (पीपीएसए) का चयन। | बंद होने की तिथि 09.07.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017551676 dhs.csrtk@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/36098/I/88/6 दि. 30.06.25

रोहतक
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 151
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 38.0
न्यून. 23.3

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डॉक्टर्स-डे आज



# अंतरिक्ष से कड़ी नजर : 4 साल में एआई से लैस 53 स्पेस डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च करेगा भारत, पाक-चीन बॉर्डर होगा और सुरक्षित


*सैटेलाइट्स 36000 किलोमीटर ऊंचाई पर आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे, पृथ्वी तक सिग्नल भेजने और मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। केंद्र सरकार ने तय किया है कि 2029 तक यानी अगले 4 साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 26,968 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी मिल चुकी है। यह मंजूरी अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने दी थी। अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले ये सैटेलाइट भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। इससे भारत की सुरक्षा पंक्ति और मजबूत होगी। दुश्मनों की हलचलों का समय रहते पता लगाया जा सकेगा और जवाबी कार्रवाई में आसानी रहेगी।

## मिशन के लिए 26968 करोड़ के बजट को मिल चुकी मंजूरी

### आपस में कम्युनिकेट करेंगे सैटेलाइट

रक्षा सूत्रों का कहना है कि ये सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे और 36000 किमी. की ऊंचाई पर ये आपस में बेहतर तरीके से कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है।



### इसरो और 3 निजी कंपनियों की भागीदारी

इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा व लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स 3 निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च होगा। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ ऑर्बिट व जियोस्टेशनरी ऑर्बिट में तैनात किए जाएंगे। एसबीएस-3 का मकसद पाकिस्तान, चीन और हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा विस्तार में कवर करना है, ताकि कम समय में हाई रिजोल्यूशन निगरानी संभव हो सके।

### एचएपीएस विमान खरीदने की भी तैयारी

वायुसेना के लिए तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। एचएपीएस विमान आमतौर पर धरती से 18 से 20 किमी (60,000 फीट) ऊपर उड़ता है व लंबे समय तक एक ही जगह पर बना रह सकता है।

### भारत कर रहा के-6 मिसाइल का ट्रायल

भारत के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल का समुद्री परीक्षण करने के लिए तैयार है। मिसाइल को डीआरडरओ विकसित कर रहा है। भारत की एस-5 क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन में तैनात किया जा सकता है। इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के-6 की स्पीड और रेंज ब्रह्मोस मिसाइल से बेहतर होगी। इसका परीक्षण सफल होते ही भारत चुनिंदा देशों अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और यूके के ग्रुप में शामिल हो जाएगा। **यहां हो रही तैयार :** यह मिसाइल हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की एडवांस नेवल सिस्टम्स लेबोरेटरी में विकसित की जा रही है। के-6 समुद्री परीक्षणों के साथ हाइपरसोनिक स्पीड तक पहुंचने में सक्षम होगी। हाइपरसोनिक का मतलब मैक 7.5 (ध्वनि की गति से साढ़े सात गुना ज्यादा) या 9,200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से होता है। इसकी मारक क्षमता 8,000 किलोमीटर तक है।

### जल्द तैयार होगा यूएस से भी खतरनाक बंकर-बस्टर्स बम

भारत ने भी अब एडवांस बंकर-बस्टर बम विकसित करने का फैसला किया है। हाल के वैश्विक संघर्षों से सबक लेते हुए, देश भविष्य के युद्धों के लिए तैयारी कर रहा है, इसके लिए वह एक नया और पावरफुल मिसाइल सिस्टम डेवलप कर रहा है, जो जमीन के 100 मीटर नीचे तक दुश्मन के परमाणु ठिकानों और अन्य रणनीतिक ढांचे को भेदने में सक्षम होगा। यह अमेरिका के बंकर-बस्टर्स बम से भी ज्यादा घातक होगा। डीआरडीओ अग्नि-5 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का मॉडिफाइड वर्जन डेवलप कर रहा है। अग्नि-5 के ओरिजिनल वर्जन का रेंज 5000 किमी से अधिक है और यह मिसाइल आमतौर पर न्यूक्लियर वारहेड कैरी करता है। इसका मॉडिफाइड वर्जन एक पारंपरिक हथियार होगा जो 7500 किलोग्राम के विशाल बंकर-बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगा।

## खबर संक्षेप

### लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दर नहीं बदली

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। भाषा

### शीर्ष कोर्ट ने ललित मोदी की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उनके ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, पीठ ने कहा कि ललित मोदी को कानून के अनुसार उपलब्ध उपायों का लाभ प्राप्त करने का हक होगा। भाषा

### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ माह के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ माह के निचले स्तर 1.2% पर रही है। सरकार के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। भाषा

### आज से बढ़ेगा एसी और नॉन एसी श्रेणी का रेल किराया

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने एक जुलाई से मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में गैर-वातानुकूलित श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर और सभी वातानुकूलित श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की है। मंत्रालय ने सोमवार को एक आधिकारिक परिपत्र जारी कर यह जानकारी दी। भाषा

# तेलंगाना के दवा उत्पादन संयंत्र में विस्फोट, 15 की मौत, 34 घायल

धमाके से कई मीटर दूर गिरे मजदूर, कुछ की चिथड़े उड़े | हादसे के वक्त 150 से अधिक लोग कर रहे थे काम

भाषा ▶▶ संगारेड्डी (तेलंगाना)

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। तेलंगाना के मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री नरसिम्हा ने कहा, 15 लोगों की मौत हो गई और 34 लोग उपचाराधीन हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। यह विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्टरी सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्टरी में 150 लोग थे, जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह 9.28 बजे से 9.35 बजे के बीच हुआ। कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। आग पर काबू पा लिया गया है।

**एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीआरएफ और फायर ब्रिगेड ने चलाया बचाव अभियान**

### मोदी ने हादसे पर दुःख जताया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने तथा उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बहरहाल, अभी सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस हादसे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## गुरुग्राम में दिल्ली बॉर्डर पर लगा जाम, यमुनानगर में नदी-नाले उफने

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश, नूंह में घर गिरने से 7 दबे, किशोरी की मौत

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

पहाड़ों पर लगातार कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामन करना पड़ रहा है। इसकर असर हरियाणा में दिखाई दिया है। प्रदेश में सोमवार को करीब 10 जिलों में भारी से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इसके कारण निचले इलाकों में पानी भर गया, वहीं, नूंह में एक मकान गिरने से 7 लोग दब गए। इस हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। प्रदेश में सोमवार को पानीपत, अंबाला, यमुनानगर, भिवानी, हांसी (हिसार), गुरुग्राम, झज्जर, नारनौल (महेंद्रगढ़), रेवाड़ी, और चरखी दादरी में बारिश हुई, जबकि अन्य जिलों में भी मौसम खराब रहा। मौसम विभाग के चंडीगढ़ सेंटर ने सोमवार को 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। इनमें गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, हिसार, फतेहाबाद, सोनीपत, जींद और फतेहाबाद शामिल थे। उधर, बारिश के बाद गुरुग्राम में दिल्ली बॉर्डर पर लंबा जाम लग गया था, जो शाम साढ़े 6 बजे तक खुला। प्रदेश में बारिश से अब तक प्रदेश में 4 लोगों की मौत हो चुकी है। नूंह से पहले पहले कुरुक्षेत्र में छत गिरने से महिला, पंचकूला में बरसाती नाले में बहने से 9 साल की लड़की और फरीदाबाद में करंट से महिला की मौत हो चुकी है।



### यमुनागर में खेतों में घुसा पानी

यमुनानगर में रविवार देर रात हुई बारिश के कारण नाले ओवरफ्लो हो गए, जिससे पानी सरस्वती शुगर मिल में घुस गया। गोदाम में रखी 80 हजार क्विंटल से अधिक चीनी और मशीनें खराब हो गईं। बारिश सोमवार को भी जारी रही। निचले इलाकों में पानी भर गया और बरसाती नदियों में जलस्तर बढ़ने से सैंकड़ों एकड़ में पानी भरने से फसल में नुक्सान होने की संभावना बन गई। किसानों की मानें तो यदि बारिश जारी रही तो खेतों में पहले से भरे पानी से फसलों के नष्ट होने की आशंका है। सोमवार को तीसरे दिन भी जिले में अर्धरात्रि से बारिश शुरू हो गई और यह दोपहर तक रुक रुक कर होती रही। बारिश होने से शहर के पुराना हमीदा समेत आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों के नीचले इलाकों में स्थित घरों व गलियों में पानी भर गया।

### हथिनीकुंड बैराज पर 32,362 क्युसेक पानी

सोमवार शाम 6 बजे हथिनीकुंड बैराज पर शाम 6 बजे 32,362 क्युसेक पानी दर्ज किया गया। इसमें से यमुना में 17,342, पश्चिमी नहर 13,510 और यूपी को 1,510 क्युसेक पानी दिया गया। पहाड़ों में बारिश होने से बैराज के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। हथिनीकुंड बैराज कार्यालय से गेज रीडर अली नवाज ने बताया कि सोमवार को सुबह 6 बजे 20,161, 7 बजे 20,168, 10 बजे 27,312, दोपहर 12 बजे 24,452, 2 बजे 22,264, शाम 4 बजे 36,087, 5 बजे 32,237 और 6 बजे 32,362 क्युसेक दर्ज किया है।

### क्या कहता है मौसम विभाग

प्रदेश में 5 जुलाई तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। 1 से 3 जुलाई के दौरान ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 4 व 5 जुलाई को राज्य के उत्तरी जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश परन्तु पश्चिमी व दक्षिणी जिलों में कहीं कहीं हल्की बारिश संभव है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश होगी। दिन के तापमान में गिरावट और वातावरण में नमी की अधिकता बनी रहेगी।

*- डॉ मदन खीचड़ विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, हकृवि हिसार*

### हिमाचल में भारी बारिश 285 सड़कें बंद, अब तक 39 मौत

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।

**कोलकाता पुलिस का खुलासा**

### पहले से थी छात्रा से गैंगरेप की योजना

**कोलकाता (भाषा)।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, मोनोजीत मिश्रा, प्रतिम मुखर्जी और जैद अहमद ने पहले से ही गैंगरेप की योजना बना रखी थी। तीनों आरोपितों का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास भी रहा है। चौथा आरोपित कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। अधिकारी के अनुसार तीनों अपने मोबाइल फोन पर ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए फुटेज का इस्तेमाल करते थे।

**राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं**

### जानवर 'जीवन धन', 'पशु' शब्द का प्रयोग ठीक नहीं

**बरेली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि जानवरों के लिए 'पशु' शब्द का इस्तेमाल करना 'ठीक नहीं है'। मुर्मू ने जानवरों को 'जीवन धन' करार दिया। राष्ट्रपति ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में कहा, जानवरों के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए 'पशु' शब्द ठीक नहीं लगता। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है।



**पाक सेना प्रमुख ने उगला जहर**

### जम्मू-कश्मीर में आतंक को 'वैध संघर्ष' बताया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाक के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंक को एक 'वैध संघर्ष' बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी। मुनीर ने कराची स्थित पाक नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंक कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है।'



## हरियाणा शिक्षा बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 4 से 14 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**27,000 छात्र देंगे परीक्षा 65 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सीनियर सेकेंडरी और सेकेंडरी कम्पार्टमेंट परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। ये परीक्षाएं 4 जुलाई से शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेंगी। इस परीक्षाओं में कुल 27,636 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं को नकल रहित कराने के लिए बोर्ड की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रदेश भर में 65 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार और सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर 27 जून से उपलब्ध हैं। सीनियर सेकेंडरी की एक दिवसीय कम्पार्टमेंट परीक्षा 4 जुलाई को होगी, जिसमें 16,842 परीक्षार्थी (10,403 छात्र और 6,439 छात्राएं) भाग लेंगे।

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,606.46 | 452.44 ▼ |
| निफ्टी | 25,517.05 | 120.75 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 97,470/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,02,800/- | 200/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.73 | 23 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.67/ बैरल 0.15% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

### अंदर के पन्नों पर

▶▶ रोडवेज बस के आगे फॉर्च्यूनर लगा, हवा में पिस्तौल लहराई पेज-2
▶▶ संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे पेज-6

**सफाई** बिजली खरीद लागत और परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हो रही

# अब विभाग ने भी माना खर्चों में वृद्धि के कारण बिजली की दरों में इजाफा किया

*हरियाणा में बिजली की दरों में संशोधन अप्रैल 2025 से प्रभावी*
*बिजली की बढ़ी कीमतों को लेकर विपक्ष सरकार पर साध रहा निशाना*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के 28 मार्च 2025 के आदेश के अनुसार, हरियाणा डिस्कॉम्स की टैरिफ याचिका पर विभिन्न श्रेणियों के लिए बिजली की दरों में अप्रैल 2025 से संशोधन किया है। यह वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद पहली टैरिफ वृद्धि है, जो 7 साल के अंतराल के बाद हुई है, जबकि बिजली खरीद लागत और परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हुई है। हरियाणा में बिजली विभाग ने भी माना है कि बिजली की दरों में वृद्धि हुई है, और इसका कारण बिजली उत्पादन और वितरण में बढ़ते खर्च हैं। विभाग ने बताया कि 2025-26 के वित्तीय वर्ष में, 4520.24 करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान है, जिसे इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण बताया गया है। पिछले दशक में, वित्तीय वर्ष 2014-15 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक, एटी एंड सी (समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक) लॉसेस 29% से घटाकर 10% के स्तर पर लाया गया है।

### संशोधित बिजली टैरिफ में क्या

*संशोधित बिजली टैरिफ संरचना के अनुसार, सभी श्रेणियों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क (एमएमसी) समाप्त कर दिया है।*

■ श्रेणी-1 के घरेलू उपभोक्ताओं (2 किलोवाट तक के कनेक्टेड लोड और 100 यूनिट तक की मासिक खपत वाले) के मासिक बिलों में वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में 49% से 75% तक की कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की दरों (एमएमसी के बिना) से तुलना करने पर, बिलों में वृद्धि 10% के भीतर है। हालांकि, पिछली टैरिफ संरचना (एमएमसी के साथ) की दरों से तुलना करने पर, बिल की राशि में काफी कमी आई है।

■ श्रेणी-2 के उपभोक्ताओं (5 किलोवाट तक के कनेक्टेड लोड वाले) के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में बिलों में 3% से 9% की वृद्धि हुई है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में, इस श्रेणी के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में कमी दर्ज की गयी है, जिसमें केवल कुछ स्लैब में 1% से कम की वृद्धि देखी गई है। कुल घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 94% श्रेणी-1 और 2 में आते हैं।

■ श्रेणी-3 के उपभोक्ताओं के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में वृद्धि 5% से 7% तक है। इस श्रेणी में कम खपत स्तरों के लिए, प्रतिशत वृद्धि अधिक लग सकती है। हालांकि, इस श्रेणी में केवल 6% घरेलू उपभोक्ता ही आते है।

### यह स्लैब बनाए रखी

हरियाणा में घरेलू श्रेणी के लिए निश्चित शुल्क (फिक्स्ड चार्जेस) जीरो रुपये से 75 रुपये/किलोवाट तक और उच्चतम ऊर्जा स्लैब 7.50 रुपये/ यूनिट पर बनाए रखा है, जबकि, इसके विपरीत, पड़ोसी राज्यों में निश्चित शुल्क 110 रुपये/किलोवाट तक और ऊर्जा शुल्क 8 रुपये/यूनिट तक है। वित्तीय वर्ष 2025-26की दरें वित्तीय वर्ष 2024-25 और वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में घरेलू श्रेणी के बिलों में मामूली वृद्धि और श्रेणी-1 के लिए कमी भी दर्शाती है।

### कुछ लोग फैला रहे भ्रम

हाल ही में, कुछ लोगों द्वारा यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है की बिजली बिल 4 गुना तक बढ़ गए है, यह दावे पूरी तरह गलत हैं।

# अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, कल बेस कैंप से रवाना होगा पहला जत्था

**श्रीनगर (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो चुके हैं। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे। हर सेंटर पर रोजाना सिर्फ दो हजार श्रद्धालुओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पेशल रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 2 जुलाई को जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना होगा। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त (38 दिन) तक पहलगाम रूट और बालटाल रूट से होगी। अनंतनाग जिले में पारंपरिक पहलगाम रूट 48 किमी लंबा है, जबकि गांदरबल जिले में बालटाल रूट की लंबाई 14 किमी है।

**जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**
■
**अब तक 3 .50 लाख श्रद्धालु करवा चुके पंजीकरण**


फाइल फोटो

### आतंकियों का डर नहीं :श्रद्धालु

यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने आए एक श्रद्धालु ने कहा, 'इस बार लोग उत्साहित हैं। पहलगाम हमले के बाद भी अब कोई डर नहीं है। व्यवस्थाएं अच्छी हैं और प्रशासन हमारे साथ है।' एक अन्य श्रद्धालु ने कहा, 'मुझे बाबा अमरनाथ पर भरोसा है। आतंकवादी जो चाहें करें, हम पर इसका कोई असर नहीं होगा।

# रोडवेज बस के आगे फॉर्च्यूनर अड़ा, हवा में पिस्तौल लहराई, यात्रियों को कुचलने का प्रयास

## ■ डिवाइडर से टकराकर एसयूवी पलटी ■ पुलिस ने दिल्ली निवासी मोहम्मद संजय खान को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत\जींद



सोनीपत। बस के आगे एसयूवी में पिस्तौल लहराता युवक।


सोनीपत। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

सोनीपत-गोहाना रोड पर जींद डिपो की बस के आगे फॉर्च्यूनर गाड़ी अड़ाकर हथियार लहराकर स्टंटबाजी करने व बस में बैठे यात्रियों की जान जोखिम में डालने का मामला सामने आया है। बस चालक ने मामले को लेकर सदर थाना सोनीपत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की वीडियो सोशल साइटों पर वायरल हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद संजय खान निवासी दिल्ली का है। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश करेगी। अलेवा जींद निवासी सियाराम ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज विभाग में बतौर चालक के पर पर तैनात है। वह 30 जून को जींद से दिल्ली के लिए बस में सवारियां लेकर परिचालक के साथ निकला था। गोहाना- सोनीपत रोड पर लाठ-जोली के पास पहुंचा। एक गाड़ी फाच्यूर्यर बस से आगे निकलकर आई। गाड़ी चालक ने बस के आगे गाड़ी को अड़ा दिया। उसने साइड लेने के लिए हॉर्न बजाया, लेकिन गाड़ी चालक ने साइड नहीं दी। बस मोहाना गांव में पहुंची। जहां बस स्टैंड से सवारियां लेकर बस चली। गांव बड़वासनी के पास पहुंचने पर चालक गाड़ी के फिर आगे आ गया। उसने खिड़की से हाथ निकालकर हथियार लहराया। उसके बाद गाड़ी को रुकवा लिया। बस से सवारी उतरने लगी तो एक दम गाड़ी को सवारियों व उस पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। किसी तरह बाल-बाल बच गए। कुछ आगे चलकर गाड़ी पलट गई। जिसमें चालक को काबू कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

■ मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### नशे में धुत था चालक

करीब दो किलोमीटर आगे जाकर फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। रोडवेज ड्राइवर व कंडक्टर ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली निवासी मोहम्मद संजय खान को गिरफ्तार कर लिया।

### बस चालक की शिकायत पर केस

बस चालक ने कार चालक के खिलाफ शिकायत दी है। जिसकी वीडियो सोशल साइटों पर भी वायरल हो रही है। इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की जायेगी। ताकि हथियार लाइसेंसी है या अवैध इसकी भी जांच हो सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

-जीत सिंह, एसीपी सोनीपत

**यात्री बाल- बाल बचे : जींद रोडवेज महाप्रबंधक**

जींद रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। सुबह उन्हें परिचालक व चालक ने सूचना दी कि गोहाना के निकट बस के आगे एक फॉच्यूनर सवार ने उन्हें पिस्टल दिखाने का काम किया। बाद में आगे गाड़ी रोक कर तेज गति से गाड़ी को भगाया। जिससे यात्री बाल-बाल बच गए।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का राज्य स्तरीय समारोह 13 को

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुषों की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 13 जुलाई को भिवानी में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रण देने के उद्देश्य से लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा सोमवार को फरीदाबाद पहुंचे। पीडबल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार योजना के तहत कार्यक्रम शुरू किया है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**फरीदाबाद।** हरियाणा निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सोमवार को फरीदाबाद स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्रीनिवास ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि यह त्रैमासिक रूटीन प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुरादपुर टेकना, खंड महम, जिला रोहतक द्वारा गांव की कंडम धानक चौपाल के सामान की बोली/नीलामी करवाई जाएगी। बोली दिनांक 04-07-2025 को सुबह 11 बजे गांव की सामान्य चौपाल में होगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को 50 हजार रुपए धरोहर राशि जमा करवानी होगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली लगा सकता है। बाकि शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

रामनिवास ग्राम सचिव — फोन नं. 9017508547
निर्भय सिंह सरपंच — फोन नं. 8708384200
ग्राम पंचायत मुरादपुर टेकना खंड महम, जिला रोहतक

## सिरसा के तहसीलदार भवनेश कुमार सस्पेंड

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन लेते हुए सिरसा जिले के तहसीलदार भवनेश कुमार को सस्पेंड कर दिया। सस्पेंशन अवधि के दौरान उनका कार्यालय पंचकूला के डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड ऑफिस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। किसी भी सूरत में किसी स्तर पर कोई भी भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा।

**Block Devlopment and Panchayat Officer Nagpur**
**Email:--bdpo-nagpur.ftb@hry.gov.in**
**Address:- Near Govt Hospital Nagpur**

**खुली बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरपुर में बस स्टैण्ड का भवन पुराना हो चुका है इस कारण कण्डम हो चुका है जिस कारण इसकी निलामी दिनांक 03.07.2025 को सुबह 11:00 बजे करवाकर तोड़ा जायेगा। कोई भी बोलीदाता 5000/-रू0 की राशि ग्राम पंचायत में जमा करवाने उपरांत बोली दे सकता है। सफल बोलीदाता को बोली की पूरी राशि ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने उपरांत ही बस स्टैण्ड के पुराने भवन को तोड़ना शुरू कर सकता है। बाकि नियम व शर्तें मौके पर बता दी जायेगी।

सभी कृपया इसे नोट करें।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत खैरपुर।
नागपुर (फतेहाबाद)

हस्ता/-
खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी
नागपुर।

पीआरडीएच-1028/11/138/2026/36087/88/6 दि. 30.06.25

## कर्नल शमशेर सिंह को ढाणी रहीमपुर में राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



■ अहमदाबाद में बेटे शुभम का एडमिशन करवाने गए थे, हृदयाघात से निधन

**लोहारू।** मुंबई के नजदीक कोलाबा में भारतीय सेना में तैनात कर्नल शमशेर सिंह का पार्थिक शरीर सोमवार दोपहर उनके पैतृक गांव ढाणी रहीमपुर लाया गया। करीब 57 वर्षीय कर्नल शेरसिंह का दो दिन पहले उस वक्त हृदयाघात से निधन हो गया था जब वे अहमदाबाद में अपने पुत्र शुभम का एमबीए में प्रवेश कराने एक शिक्षण संस्थान में गए हुए थे। सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ कर्नल शमशेर सिंह बिजारणिया को उनके पैतृक गांव ढाणी रहीमपुर अंतिम विदाई दी गई। भारतीय सेना के अधिकारियों, प्रशासन की ओर से एसडीएम मनोज दलाल और लोहारू के विधायक राजबीर सिंह फरटिया सहित क्षेत्र के हजारों लोगों ने पुष्पांजलि देकर भारतीय सेना के जवान कर्नल शमशेर सिंह को अंतिम विदाई दी। कर्नल शमशेर सिंह जल्द सेवानिवृत्त होने वाले थे



## मोबाइल नंबर ने रोका मरीज का आपरेशन

■ आधार कार्ड पर फोन नंबर अपडेट न होने से ओटीपी नहीं आया

**कैथल।** सोमवार को नगर परिषद कैथल में एक अजीब नजारा देखने को मिला। यहां एक किशोर को स्ट्रेचर पर लेकर पहुंचे तो नप कार्यालय के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी ली तो पता चला कि किशोर के आधार कार्ड में फोन नंबर अपडेट किया जा रहा है। दो दिन पहले गांव गुलियाना निवासी 14 वर्षीय कृष अपने दोस्त के साथ बाइक पर पीछे बैठ कर घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में बाइक गिरने से कृष के सिर में गंभीर चोट लग गई। उसके परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने बताया कि सिर का आपरेशन करना पड़ेगा। सोमवार को कृष का आयुष्मान कार्ड अस्पताल के कर्मचारियों को दिया तो पता लगा कि कृष के आधार कार्ड में फोन नंबर अपडेट नहीं था, जिस कारण ओटीपी ही नहीं आ रहे थे।

## संदीप लोहार का यूपी के बागपत में एनकाउंटर

■ संदीप की पत्नी ने यूपी पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया

**रोहतक।** कई राज्यों में आतंक पर्याय बन चुके संदीप लोहार का उत्तर प्रदेश पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। संदीप कई मामलों में वांछित था। वहीं रोहतक के रहने वाले संदीप लोहार की पत्नी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के एनकाउंटर को फर्जी बताया है। संदीप की पत्नी ज्योति ने कहा कि यूपी पुलिस उसके पति को गांव के खेत से पकड़कर ले गई थी। फिर उत्तर प्रदेश ले जाकर उसकी हत्या कर दी। अब इसे एनकाउंटर बताया जा रहा है। ज्योति ने इस मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए पुलिस वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है।बता दें कि यूपी एसटीएफ और बागपत पुलिस ने रविवार देर शाम संदीप लोहार का एनकाउंटर करने की सूचना हरियाणा पुलिस को दी थी। बताया था कि यूपी के कानपुर में 4 करोड़ की लूट में संदीप वांछित था। मामले में भैणी महाराजगंज निवासी संदीप की पत्नी ज्योति ने महम थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस जांच में जुटी है।

**ई-नीलामी सूचना**
**स्टॉर्म प्रभावित लगभग 15,000 कि.ग्रा. बिल्डिंग स्ट्रक्चरल स्टील और लगभग 5,000 कि.ग्रा. जीआई शीट्स**

इच्छुक खरीददारों को "प्रति कि.ग्रा." आधार पर "स्टॉर्म प्रभावित लगभग 15,000 कि.ग्रा. बिल्डिंग स्ट्रक्चरल स्टील और लगभग 5,000 कि.ग्रा. जीआई शीट्स" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. एसएफएस ग्लोबल लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण सी/ओ टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, 11 बिस्वा सांपला बेरी रोड, तहसील सांपला, जिला रोहतक में केवल कार्यदिवसों को 01.07.2025 से 09.07.2025 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री सोम दत्त से 8199877711 अथवा श्री विनोद चचान से 9315134841 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 10.07.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अनुप कुमार से 8928293156 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय शॉप नं. 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085 में है।

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 09.07.2025 है।**

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305**
हरियाणा की राज्य विधायिका के अधिनियम द्वारा स्थापित और यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) और 12(बी) के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय

**अधिसूचना**

सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या 201/2023 से 204ए/2023, 207/2023 से 210/2023, 213/2023 से 227/2023, 230/2023, 232/2023, 234 से 238/2023, 240 से 241/2023 और 243/2023 से 246/2023 के तहत विज्ञापित गैर-अध्यापन पदों को प्रशासनिक कारणों की वजह से एतद द्वारा वापिस ले लिया गया है।

सभी आवेदक भुगतान किए गए शुल्क सह आवेदन प्रपत्र के प्रमाण सहित इस सूचना के 60 दिन के अंदर (ऑनलाइन / ऑफलाइन मोड के माध्यम से) रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 60 दिन के पश्चात, शुल्क की वापसी के लिए किसी आग्रह पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर पधार सकते हैं।

संवाद-1239/11/86/2026/36086/सी/88/6 दि. 30.06.25 — रजिस्ट्रार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## प्रो. अनिल कुमार को यूएई में मिला सम्मान



**उचाना।** सेढ़ा माजरा गांव के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डा. अनिल कुमार को यूएई में एक प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान एआई फॉर सोशल इम्पैक्ट विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मिला। यह सम्मेलन गल्फ मेडिकल यूनिवर्सिटी अजमान में आयोजित किया गया। डॉ. अनिल कुमार का शोधपत्र पुलिस विभाग में एआई के उपयोग पर केंद्रित था। उनके शोध का विषय था एआई फॉर वर्क वेल.बीइंग इन पुलिसिंग डिटेक्टिंग बर्नआउट एंड एनहांसिंग वर्क एंगेजमेंट। यह शोध पुलिस कर्मियों के कार्य संतुलन और तनाव की पहचान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग पर आधारित है। भारत के राजदूत संजय सुधीर ने डॉ॰ कुमार को बेस्ट पेपर अवॉर्ड प्रदान किया।

## रेप व धमकी का आरोपी बुड़िया 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



■ दो दिन में दो बार बिगड़ चुकी देवेन्द्र बुड़िया की तबीयत

**हिसार।** अदालत ने आदमपुर क्षेत्र की युवती से रेप के आरोपी अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र बुड़िया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया, जिस पर मामले की सुनवाई हुई।अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए देवेन्द्र बुड़िया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। माना जा रहा था कि स्टेट क्राइम ब्रांच टीम मामले की जांच व आगामी कार्रवाई के लिए देवेन्द्र बुड़िया का रिमांड मांगेगी लेकिन रिमांड नहीं मांगा गया। जैसे ही अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए और पुलिस उन्हें लेकर अदालत से बाहर आ रही थी तो उसी समय देवेन्द्र बुड़िया की तबीयत बिगड़ गई। देवेंद्र बुड़यि पर इस वर्ष 24 जनवरी को आदमपुर थाना में 20 वर्षीय युवती ने रेप केस दर्ज करवाया था। स्टेट क्राइम ब्रांच टीम ने उसे रविवार को राजस्थान से गिरफ्तार किया था। इससे पहले रविवार शाम को हिसार पहुंचते वक्त भी देवेन्द्र बुड़िया की रास्ते में तबीयत खराब हो गई थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | पीटीपीएस में 1×210 एमडब्ल्यू, 2×250 एमडब्ल्यू हेतु ऑटोमेटेड कोल हैंडलिंग प्लांट-पार्ट-ए और पार्ट-बी, हैवी मशीनरी, माशलिंग यार्ड और अन्य सहायक कार्यों के प्रचालन व रखरखाव के लिए वार्षिक दर अनुबंध। | 26.06.2025 28.07.2025 | 8513.37 लाख | www.hpgcl.org.in | 1802566015 xenmtcplg1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36091/I/88/6 दि. 30.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन सिरसा | वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 103900/एल एमएमके. डिस्टी. की लाइनिंग हेतु आकलन (एससीओ विस्तार) + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.07.2025 | 3.02 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416047333 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36080/I/88/6 दि. 30.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन रोहतक | कटेसरा माइनर (विस्तार) के ओ/एल आरडी 22060/एल के डब्ल्यू/सी की लाइनिंग हेतु आकलन + 3 कार्य। | 27.06.2025 07.07.2025 | 2.12 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9650044885 xenrohtakcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36079/I/88/6 दि. 30.06.25

**कार्यालय - अधीक्षक जेल, जिला कारागार रोहतक,**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11 जुलाई 2025, प्रातः 11:00 बजे, जिला कारागार रोहतक के गोदाम में अनुपयोगी (कण्डम) सामान की नीलामी हेतु खुली बोली (Bulk Auction) का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित शर्तों के अनुसार इस खुली बोली में भाग ले सकते हैं।

कण्डम सामान का विवरण इस प्रकार हैः-

खाली जुट बैग (बोरी) - 2000 नग, प्लास्टिक बैग (बोरी) 2500 नग, खाली लोहे के टिन 1200 नग स्टील ढोल - 10 नग, चाय की केतली 05 नग, मैनफोली सिलेंडर-02 नग, नॉन रिटर्न वाल-04 नग, हैज सिलेंडर - 04 नग, कम्पलिट वाल अडोपटर 04 नग, रेगुलेटर वाल 04 नग, नीडल कंट्रोलर 02 नग, होज बर्नर 03 नग, ब्रास बर्नर -06 नग, हैवी पाईप 100 ft, मैनुअल शटऑफ वाल-07 नग, पंखे 184 नग, टेन्ट 04 नग, टेन्ट बास-20 नग, टेन्ट खूटे-80 नग, कम्बल 1470+1020 नग, स्टील गिलास 100 नग, स्टील थाली 120 नग,स्टील मग - 150 नग, पैडलोक - 85+50 नग,

बोली की शर्तें निम्नलिखित हैं:-

- प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को ₹10,000/- नकद के रूप में नीलामी स्थल पर जिला जेल रोहतक के कार्यालय में जमा करना होगा। यह राशि बोली प्रक्रिया के बाद लौटा दी जाएगी (यदि बोलीदाता सफल नहीं होता है)।
- बिना धरोहर राशि जमा किए किसी को बोली में भाग लेने नहीं दिया जाएगा।
- बोली ₹75,000/- से शुरू होगी, जो कि उपायुक्त रोहतक (चेयरमैन, कण्डमनेशन बोर्ड) द्वारा निर्धारित की गई है।
- सभी कण्डम सामान की एकल बोली (bulk auction) होगी, अलग-अलग नहीं।
- जिसकी बोली सबसे ऊँची मानी जाएगी, उसे तीन दिन के भीतर पूरी राशि कार्यालय में जमा करनी होगी। तथा तीन दिन के अंदर ही अपना सामान खुद के वाहन से उठाना होगा।
- कण्डम सामान लोड/अनलोड और ले जाने की जिम्मेदारी पूरी तरह बोलीदाता की होगी। जेल प्रशासन कोई सहायता नहीं करेगा।
- कण्डम सामान जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में बेचा जाएगा, उसकी गुणवत्ता, स्थिति या मात्रा पर कोई शिकायत नहीं मानी जाएगी।
- जेल प्रशासन कमेटी को किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय के द्वारा किया जाएगा।

पीआरडीएच-1227/11/92/2026/36064/88/6 दि. 30.06.25


## राशिफल


**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5914





**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5913 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | व | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |



## बिहार चुनाव : 2003 की वोटर लिस्ट अपनी वेबसाइट पर किया अपलोड

# 4.96 करोड़ वोटरों को किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं, चुनाव आयोग की सफाई

एजेंसी ▸▸ पटना

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार के 4.96 करोड़ वोटरों को अपने माता-पिता से संबंधित किसी अन्य दस्तावेज को दिखाने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने 2003 की मतदाता सूची यानी वोटर लिस्ट को अपने वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर अपलोड कर दिया है, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। चुनाव आयोग की तरफ से यह भी कहा गया है कि 24 जून, 2025 की ईसीआई निर्देशिका के पैरा 5 में स्पष्ट किया गया था कि सीईओ/डीईओ/ईआरओ को 01 जनवरी, 2003 की योग्यता तिथि वाली वोटर लिस्ट सभी बीएलओ को हार्ड कॉपी के साथ उनकी वेबसाइट पर ऑनलाइन भी उपलब्ध करानी होंगी।

इस साल के आखिर में होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव




### करीब 60% वोटर दस्तावेज प्रस्तुत करने से होंगे मुक्त

आयोग का मानना है कि 2003 की वोटर लिस्ट की उपलब्धता से विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया में अत्यधिक सुविधा होगी, क्योंकि अब लगभग 60% वोटर किसी भी दस्तावेज़ को प्रस्तुत करने से मुक्त हो जाएंगे। वे बस 2003 की सूची से अपना विवरण जांचकर फॉर्म भर सकते हैं।

### बताई समीक्षा की जरूरत

बिहार में विस चुनाव से पहले मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर विपक्षी दलों की आपत्ति के बीच आयोग ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची एक गतिशील सूची है, जिसमें समय-समय पर बदलाव होते रहते हैं, इसलिए इसकी नियमित समीक्षा अनिवार्य है। आयोग ने बताया कि मतदाता सूची में निरंतर बदलाव होते हैं क्योंकि कई मतदाताओं की मृत्यु हो जाती है। कुछ लोग एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाते हैं और नए युवा मतदाता 18 साल पूरे करके वोटर बनने के योग्य हो जाते हैं।

### यह है विपक्ष की आपत्ति और आरोप

विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इस तरह की गहन समीक्षा से राज्य तंत्र का दुरुपयोग कर जानबूझकर वोटरों को बाहर किया जा सकता है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमों के अनुसार पारदर्शिता से होती है और इसका उद्देश्य किसी को बाहर करना नहीं, बल्कि सही और अद्यतन सूची बनाना है।

### पारिवारिक संबंधों में भी सहूलियत

यदि कोई व्यक्ति 2003 की सूची में दर्ज नहीं है, पर उसके माता-पिता उस सूची में हैं, तो वह व्यक्ति अपने माता या पिता के नाम का 2003 की मतदाता सूची का अंश दिखाकर आवेदन कर सकता है। ऐसे में माता-पिता के लिए कोई अलग दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ उस व्यक्ति को अपने दस्तावेज देने होंगे। चुनाव आयोग ने दोहराया कि प्रत्येक चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और वोटर रजिस्ट्रेशन नियम 1960 के तहत अनिवार्य है।

# कल से पांच देशों की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रियो में ब्रिक्स समिट में भाग लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



बुधवार 2 जुलाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील, घाना, नामीबिया, अर्जेंटीना और त्रिनिदाद-टोबैगो जैसे पांच देशों की आठ दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वर्तमान में सबसे ज्यादा चर्चा के केंद्र में ब्राजील जैसा देश बना हुआ है। जिसके रियो डी जेनेरियो शहर में 6 से 7 जुलाई को ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा संयुक्त रूप से गठित किए गए 'ब्रिक्स' समूह का 17वां शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत का नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन के दौरान ही ब्राजील, भारत को 2026 में उसके द्वारा की जाने वाली समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपेगा। इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम को कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में पीएम मोदी के इस विदेश दौरे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें मंत्रालय में सचिव (ईआर) दमू रवि ने एक प्रश्न के जवाब में बताया, प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा की शुरुआत 2 जुलाई को घाना से हो जाएगी। लेकिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वह 5 से 8 जुलाई तक ब्राजील की यात्रा करेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पीएम मोदी को इस यात्रा के लिए निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री मोदी घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विशेष सत्रों को भी संबोधित करेंगे। यात्रा में शामिल कुछ देशों द्वारा पीएम को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किए जाने की संभावना है। रवि ने कहा, इस वर्ष ब्राजील में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भाग न लेने की जानकारी सामने आ चुकी है।

### ब्रिक्स वित्त मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की यात्रा पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। इस दौरान वह ब्रिक्स के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और उनके केंद्रीय बैंक के गवर्नर की बैठक (एफएमसीबीजी) सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। मंत्री आज ही रवाना होने वाली हैं। उनकी तीन देशों की यात्रा पांच जुलाई को संपन्न होगी।


गुमशुदा की तलाश



नाम मनोज दोसाद पुत्र स्व० श्री सोहन दोसाद पता L-32, IInd Floor, प्रताप नगर दिल्ली, उम्र 37 वर्ष कद 5'5" इंच रंग गौरा जिसके दोनों हाथ पर टेटू बने हुए है। जिसकी मोटर साईकिल Splendor Black Color जिसका नम्बर HR06AC2897 है। जो घर से दिनांक 28-06-2025 शनिवार सुबह 10:30 बजे निकला उसके बाद से लापता है। तलाश करने वाले को 100000/- रूपये का ईनाम दिया जायेगा। संपर्क करें अतुल -9899093000


## राज्य की सुरक्षा स्थिति पर फिर उठे सवाल

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने 4 लोगों को गोलियों से भूना

एजेंसी ▸▸ चुराचांदपुर

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने चार लोगों की हत्या कर दी, जिनमें एक 60 वर्षीय महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, हमला दोपहर करीब दो बजे मोंगजांग गांव के पास उस समय हुआ जब सभी पीड़ित एक कार में सफर कर रहे थे। मोंगजांग, चुराचांदपुर शहर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिला है कि हमलावरों ने बेहद नजदीक से गोलियां चलाईं, जिससे पीड़ितों को बचने का कोई मौका नहीं मिला. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### 12 खाली कारतूस बरामद

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हुई गोलीबारी की घटना के बाद घटनास्थल से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमलावरों ने काफी करीब से और इरादतन हमला किया। अब तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे जांच को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# चीन, पाक और बांग्लादेश एक साथ भाजपा कर रही नजरअंदाज : ओवैसी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया कि भारत में बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ को लेकर शोर मचाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों और चीन जो वायुसैनिक अड्डे बना रहा है, उसको नजरअंदाज कर रही है। ओवैसी ने चिंता जताई है कि पाकिस्तान और बांग्लादेशी नेता मुलाकातें कर रहे हैं, चीन वायुसैनिक हवाईअड्डे बना रहा है, अगर अब युद्ध हुआ तो ये तीनों तरफ से भारत पर हमला करेंगे, लेकिन बीजेपी का इस तरफ कोई ध्यान ही नहीं है।



### 'बॉर्डर पर उत्पन्न खतरों पर ध्यान नहीं दे रही बीजेपी'

परभणी में रैली को संबोधित करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि बीजेपी नेता भारत के पड़ोसी देशों की सीमाओं पर उत्पन्न स्थिति को समझने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। उन्होंने सवाल किया, 'वे (बीजेपी नेता) बांग्लादेशियों के भारत में अवैध रूप से बसने की बात करते रहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, खुफिया एजेंसियां और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ये सब क्या कर रहे हैं?'

## भूटान की यात्रा पर रवाना हुए सेनाप्रमुख, मजबूत होगा दोनों देशों का रक्षा सहयोग


**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** भूटान में बढ़ते चीन के दखल के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार से भूटान की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा के दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। साथ ही रॉयल भूटान की सेना के मुख्य प्रचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग से भी सेनाप्रमुख की मुलाकात होगी। रक्षा मंत्रालय ने 30 जून को एक बयान में बताया कि सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी भूटान में भारतीय दूतावास, सैन्य प्रशिक्षण दल (आईएमटीआरएटी) और परियोजना दंतक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक, सेनाप्रमुख के इस दौरे का उद्देश्य भारत और भूटान के बीच स्थायी रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। उनकी ये यात्रा दोनों मित्र देशों के बीच गहरे और समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों को प्रतिबिंबित करती है।

### बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 452 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 452 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पूरे कारोबार के दौरान गिरावट रही और अंत में यह 452.44 अंक के नुकसान के साथ 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 120.75 अंक की गिरावट के साथ 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, "पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली थी।

### सोने 200 टूटा, चांदी में भी गिरावट दर्ज

**नयी दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव सोमवार को 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत भी सोमवार को 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को चांदी 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 520 रुपये यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 95,990 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

## चिंतन

# उद्योग क्षेत्र की गति पर फोकस बढ़ाना जरूरी

सरकार को उद्योग क्षेत्र पर खास ध्यान देना चाहिए। महीने दर महीने जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में लगातार गिरावट देखी जा रही है। चालू वित्त वर्ष में ही अप्रैल के बाद अब मई में भी आईआईपी में गिरावट दर्ज की गई है। आईआईपी मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर है। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों ने कमजोर प्रदर्शन किया है। रिजर्व बैंक ने उद्योग क्षेत्र की दिक्कतों को देखते हुए और महंगाई के नियंत्रण में रहने से नीतिगत दर रेपो रेट में तीसरी बार कटौती की है। इसके पीछे एक तर्क यह भी था कि रेपो रेट में कमी होने से उद्योग जगत को सस्ते कर्ज के रूप में लाभ मिलेगा, लेकिन आईआईपी के आंकड़े बा रहे हैं कि कर्ज सस्ते होने के बावजूद उद्योग क्षेत्र की गति सुस्त ही है। आईआईपी के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। इससे पहले, अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गयी थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर रही थी। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर केवल 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7 प्रतिशत थी। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जीडीपी में अहम स्थान रखने वाले और रोजगार सृजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उद्योग क्षेत्र को लंबे समय से नीतिगत स्थिरता का सामना करना पड़ रहा है। चाहे अगले चरण के आर्थिक सुधार की बात हो या विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौते की बात हो, रुपये का प्रदर्शन हो, प्रगति बहुत धीमी है। जीएसटी, विमुद्रीकरण और कोरोना से टूटे उद्योग क्षेत्र को पीएलआई जैसे प्रोत्साहन स्कीम भर से बूस्ट नहीं मिल रहा है। मेक इन इंडिया अभियान उद्योग क्षेत्र में जान नहीं फूंक पा रहा है। मोबाइल, ऑटो निर्माण क्षेत्र में भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन भारत के कोर इंडस्ट्री सेक्टर खनन, बिजली, विनिर्माण (मेनुफैक्चरिंग सेक्टर) उम्मीद के अनुरूप ग्रोथ नहीं कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4 प्रतिशत रहेगा। आंकड़े को देखें तो अनुमान के हिसाब से लक्ष्य नियंत्रित नहीं है। भारत का व्यापार घाटा भी काफी असंतुलित है, जिसमें निर्यात से अधिक आयात है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा गया है कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। दोनों ही स्तर पर भारतीय उद्योग क्षेत्र उथलपुथल का सामना कर रहे हैं। कर सुधार के साथ नए निवेश के लिए प्रोत्साहन माहौल बनाना होगा। बड़े उद्यमियों के साथ लघु व मध्यम उद्यमियों को भी बढ़ावा देना होगा, देश में औद्योगिक विकास को गति का माहौल बनाना होगा, हाल के वर्षों में सरकार बजटरी स्तर पर उद्योग क्षेत्र से डिफोकस हुई है, जिससे औद्योगिक व वित्तीय नियामकीय सुधारों में सुस्ती आई है। उद्योग पर फोकस हो।

# आखिर कब सबक लेंगे हम?



भगदड़
प्रमोद भार्गव

> पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बेंगलुरू में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाई थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा हो गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है, जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ का सिलसिला हर साल देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं होने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्मस्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें, किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतःएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतःएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं। रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकी उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए, क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी



लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरूरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा। मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? इसके बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, लेने खासतौर से यूरोपिय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुंड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। दरअसल दर्शन-लाभ और पूजापाठ जैसे अनुष्ठान अशक्त और अपंग मनुष्य की वैसाखी हैं। जब इंसान सत्य और ईश्वर की खोज करते-करते थक जाता है तो वह पूजापाठों के प्रतीक गढ़कर उसी को सत्य या ईश्वर मानने लगता है। यह मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी है। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। जब चिंतन मनन की धारा सूख जाती है तो सत्य की खोज मूर्ति पूजा और मुहूर्त्त की शुभ घड़ियों में सिमट जाती है। जब अध्ययन के बाद मौलिक चिंतन का मन-मस्तिष्क में ह्रास हो जाता है तो मानव समुदाय भजन-कींतन में लग जाता है। यही हश्र हमारे पथ-प्रदर्शकों का हो गया है। पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं।

मीडिया इसी पूजा-पाठ का नाट्य रूपांतरण करके दिखाता है, यह अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वरीय अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को भाग्य और प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, लोगों को धर्मभीरू बना रहा है। राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध व वैभवशाली होगा, परंतु इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस


मुनीष भाटिया



# सेवा और गुणवत्ता से सशक्त हो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था

हर वर्ष एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के रूप में चुना गया है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा और राजनीति दोनों क्षेत्रों में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया, जो न केवल पेशेवर उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि देश सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा सीमाओं और पेशेवर सीमाओं से परे होती है। यह विशेष दिन केवल एक औपचारिक स्मरण नहीं है, बल्कि यह उन अनगिनत डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर है, जो दिन-रात बिना थके मानव सेवा में रत रहते हैं। किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की सफलता में यदि कोई सबसे स्थायी और संवेदनशील स्तंभ है, तो वह डॉक्टर ही हैं। आज के दौर में जब चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं का रुझान तेजी से बढ़ रहा है, तो यह दर्शाता है कि करियर के साथ-साथ सेवा भाव भी उनमें कितना गहरा है। नीट जैसी कठिनतम परीक्षाओं में लाखों की तादाद में अभ्यर्थियों का भाग लेना इसी का सूचक है। यह रुझान एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जहां युवा सिर्फ आर्थिक लाभ के बजाय मानवता की सेवा को भी महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा, मेडिकल के क्षेत्र में भी कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है, किंतु उनमें प्रवेश ले रहे अभ्यर्थियों की गुणवत्ता पर ध्यान देना आज बेहद जरूरी हो चला है। मेडिकल संस्थानों को केवल मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से लाखों-करोड़ों की फीस लेने पर नियंत्रण आवश्यक है ताकि एक उज्ज्वल भविष्य के साथ गरीब का बच्चा भी चिकित्सक बनने के अपने सपने को पूरा कर सके। यह सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि चिकित्सा शिक्षा सभी वर्गों के लिए सुलभ हो। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों पर भी कड़ी निगरानी ज़रूरी है कि कहीं वे केवल मुनाफ़ा बनाने के उद्देश्य में ही तो नहीं लगे हैं, कहीं उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में समझौता तो नहीं हो रहा। दुर्भाग्य से, नीट परीक्षा में धांधलेबाजी की खबरें चिंताजनक हैं। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित तरीकों से चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश पा जाता है, तो यह सोचने का विषय है कि ऐसे भावी चिकित्सक किस तरह का सेवाभाव रखेंगे। भ्रष्टाचार के माध्यम से प्रवेश पाने वाले व्यक्तियों में इन मूलभूत गुणों की कमी होने की आशंका रहती है, जो अंततः रोगी की देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। भ्रष्ट आचरण पर कठोर निगरानी और त्वरित कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है। चिकित्सा शिक्षा की नींव को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कड़े नियम, पारदर्शी प्रक्रियाएं और सख्त दंड प्रणाली लागू करके ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि चिकित्सा के क्षेत्र में केवल योग्य और सेवा-भाव से प्रेरित व्यक्ति ही प्रवेश पाएं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। चिकित्सक केवल एक पेशेवर नहीं होता, वह कई रूपों में सेवा करता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम डॉक्टरों को वह सम्मान और सुविधाएं दे रहे हैं, जिसकी वे अधिकारी हैं? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी सेवा भावना का शोषण न हो, बल्कि उसे सम्मान और सहयोग मिले। चिकित्सा केवल एक करियर विकल्प नहीं है, यह एक जीवन-दर्शन है। यह उन लोगों का मार्ग है जो जीवन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने का माध्यम मानते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो सेवा, सहानुभूति और समर्पण से परिपूर्ण है। चिकित्सकों को भी यह याद रखना होगा कि उनका पेशा एक महान सेवा है। उन्हें मरीज के साथ अपने व्यवहार में 'अपनत्व' और संवेदनशीलता को कायम रखना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकों के दुर्व्यवहार की खबरें, जिसमें परिजनों द्वारा 'गलत इलाज' के नाम पर आरोप लगाए गए हैं, चिंता का विषय हैं। चिकित्सकों को यह समझना होगा कि उपचार की सफलता में वैज्ञानिक कौशल के साथ मानवीय स्पर्श और सहानुभूति का भी उतना ही महत्व है। एक विनम्र और संवेदनशील व्यवहार मरीज के डर को कम करता है और उसके ठीक होने की प्रक्रिया में भी मदद करता है। पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और रोगियों के प्रति सम्मान एक स्वस्थ चिकित्सा संबंध की नींव है।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने एक रुपये का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा-तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला-बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा, पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिए लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी-बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परंतु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किए हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बेईमानी का धन**

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? - **विवेक शर्मा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### युवाओं को लाभ होगा



मेरा भारत 2.0!। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम राष्ट्र निर्माण को गति देने के लिए युवा शक्ति को डिजिटल उपकरणों से लैस कर रहे हैं। इस परिवर्तनकारी उन्नयन से मेरे भारत मंच पर पंजीकृत 1.76 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### भविष्य में निवेश



मैंने स्पेन में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथे सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन दान के बारे में नहीं है। यह सम्मान के जीवन को बहाल करने के बारे में है। यह उस भविष्य में निवेश करने के बारे में है जिसे हम मिलकर बनाना चाहते हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पहले मूल्यों को सीखें



बहुत अच्छा। अगर हम व्यापार से पहले मूल्यों को सीखें। अगर भगवान से पहले माता-पिता के प्रति कृतज्ञ होना सीखें। जीवन खुशहाल होगा। यदि हम शिक्षा से पहले संस्कार, भगवान से पहले माता-पिता को जान लें तो जीवन सरल हो जाएगा।

-किरण बेदी, पूर्व उप राज्यपाल

### आपा खोने से मदद नहीं मिलती



काम पर बिताए अपने सभी सालों में, मैंने कभी किसी पर चिल्लाया नहीं और मुझे इस बात पर गर्व है। बेशक, मेरे पास क्रोध, निराशा और हताशा के क्षण भी आए हैं। लेकिन मैंने सीखा है कि अपना आपा खोने से कोई मदद नहीं मिलती।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन ने जापान के सीफूड से आयात प्रतिबंध हटाया



**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है। सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि रविवार को प्रतिबंध हटा लिया गया है और जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर से शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया यह प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। जापान अपने सीफूड का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा चीन को निर्यात करता है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में एक भूकंप के बाद आई भीषण सुनामी से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों की बहस के बाद, परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े, बशर्ते कि पहले इसे शोधित कर लिया जाए ताकि अधिकतर रेडियोधर्मी तत्वों को हटा दिया जाए। चीन ने इससे असहमति जतायी थी और यह कहते हुए सीफूड के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था कि रेडियोधर्मी जल को समुद्र में छोड़े जाने से मत्स्य उद्योग और तटीय समुदाय खतरे में आ जाएगा।

## ऑफ बीट

# शहरों की वजह से बढ़ रहा धरती का तापमान



जलवायु परिवर्तन से निपटने में शहरों की केंद्रीय भूमिका होती है। वे 67 से 72 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कर रहे हैं जो पृथ्वी को गर्म कर रही हैं। साथ ही, शहरों में 'ग्लोबल वार्मिंग' (वैश्विम तापमान वृद्धि) का खतरा भी बढ़ रहा है। बाढ़, आग और सूखा स्वास्थ्य और सुरक्षा पर असर डालकर घरों और व्यवसायों की बीमा की लागत से लेकर सब कुछ प्रभावित कर रहे हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो वहां 90 प्रतिशत लोग शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। पूरी दुनिया में शहरों में चार अरब से अधिक लोग रहते हैं। हमारा नया अध्ययन शहरों के निर्माण और प्रबंधन में जलवायु परिवर्तन पर ध्यान देने के लिए 16 प्राथमिकता वाली कार्रवाइयों को चिह्नित करता है। हमारे शहरों को डिजाइन, उनका निर्माण और प्रबंधन करते समय जलवायु परिवर्तन एक प्रमुख विचार होना चाहिए। उत्पन्न होने वाले उत्सर्जन को कम से कम किया जाना चाहिए और अंततः समाप्त किया जाना चाहिए। हमें ऐसे स्थानों पर और ऐसे तरीकों से निर्माण करना चाहिए, जो जलवायु जोखिम को कम करें। लेकिन हमारे शहरों के निर्माण पर नियंत्रण वाली नीतियां इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाती हैं। तीन स्थानीय सरकारी क्षेत्रों के एक हालिया अध्ययन में अनुकूलन और शमन पर केवल सीमित कार्रवाई होने का पता चला है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# टी-20 क्रिकेट: कप्तान के तौर पर विराट सहित इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं सर्वाधिक शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में शतक लगाना बल्लेबाजों के लिए उपलब्धि माना जाता है। आम तौर पर इस सीमित ओवर प्रारूप में बल्लेबाजों के ऊपर तेजी से रन बनाने का दबाव होता है और ऐसे में बल्लेबाज व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स की परवाह नहीं करते हैं। हाल ही में फाफ डु प्लेसिस ने टेक्सास सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुए टी-20 लीग में शतक लगाया। इस बीच टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### फाफ डु प्लेसिस (8 शतक)

डु प्लेसिस ने मेजर लीग क्रिकेट के 21वें मैच में 53 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए। उनकी शतकीय पारी की बदौलत टेक्सास ने 223/4 का स्कोर बनाया और एमआई न्यूयॉर्क को 39 रन से हराया। बतौर कप्तान यह डु प्लेसिस का टी-20 क्रिकेट में 8वां शतक लगाया। वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले कप्तान बने हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 11,500 से अधिक रन बनाए हैं।



### विराट कोहली और जेम्स विंस (5-5 शतक)

इस सूची में भारत के विराट कोहली और इंग्लैंड के जेम्स विंस कप्तानी करते हुए टी-20 में 5-5 शतक लगा चुके हैं। विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी की कप्तानी करते हुए 5 शतक लगाए थे। कोहली टी-20 क्रिकेट में 13,500 से अधिक रन बना चुके हैं। वहीं, विंस ने टी-20 क्रिकेट में 12,000 से अधिक रन बनाए हुए हैं, जिसमें 7 शतक भी शामिल हैं।



### बाबर आजम (7 शतक)

बाबर आजम का टी-20 क्रिकेट करियर शानदार रहा है। वह अपने टी-20 करियर में अब तक 11,000 से अधिक रन बना चुके हैं, जिसमें 11 शतक शामिल हैं। इस बीच बाबर ने 7 शतक टी-20 क्रिकेट में कप्तानी करते हुए बनाए हैं। बाबर पाकिस्तान की टी-20 लीग पाकिस्तान सुपर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह पीएसएल में 2 शतक भी अपने नाम कर चुके हैं।



### माइकल क्लिंगर (7 शतक)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल क्लिंगर ने अपने टी-20 क्रिकेट करियर में कुल 8 शतक लगाए थे। उन्होंने 7 शतक विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 टूर्नामेंट में कप्तानी करते हुए लगाए थे। क्लिंगर ने अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 206 मैच खेले, जिसमें 34.45 की औसत और 123.08 की स्ट्राइक रेट के साथ 5,960 रन बनाए थे। नाबाद 126 रन उनका सर्वोच्च टी-20 स्कोर रहा है।

## खबर संक्षेप



### विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

**ब्रिस्टल।** पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया।

## इंग्लैंड बनाम भारत: दूसरा टेस्ट मैच कल से

# बुमराह नहीं तो कौन संभालेगा टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी, अर्श या आकाश ...?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 जुलाई से सीरीज का दूसरा टेस्ट खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले से आराम दिए जाने की प्रबल संभावना है। दरअसल, वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दे सकती है। कोच गौतम गंभीर भी संकेत दे चुके हैं। इस बीच बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम में मौजूद अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में अर्शदीप और आकाशदीप हैं जिन्हें तेज गेंदबाजी की कमान मिल सकती है।



### पहले टेस्ट में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन

सीरीज के पहले टेस्ट में बुमराह ने पहली पारी में 83 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। वह दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके थे। प्रसिद्ध कृष्णा हेडिंग्ले टेस्ट में बेहद महंगे साबित हुए थे। उन्होंने पहली पारी में 128 रन देते हुए 3 विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में 92 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए थे। मोहम्मद सिराज ने कुल 2 विकेट (2/122 और 0/51) लिए थे।

### आकाशदीप सिंह

आकाशदीप ने भारत की ओर से 7 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 35.20 की औसत के साथ 15 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83 रन देते हुए 3 विकेट लेना रहा। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 38 मैच खेले हैं, जिसमें 24.19 की औसत के साथ 128 विकेट लिए हैं। इस बीच वह 5 पारियों में 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### अर्शदीप सिंह

अर्शदीप ने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 30.37 की औसत के साथ 66 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 250 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड दौरे पर मौजूद भारतीय टीम में इकलौते बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।




### इंग्लैंड ने घोषित की प्लेइंग 11, बढ़ा आर्चर का इंतजार

भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू होने जा रहे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्लेइंग 11 घोषित कर दी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि प्रशंसकों को जोफ्रा आर्चर की वापसी के लिए इंतजार करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैच के लिए इंग्लैंड ने बिना किसी बदलाव के प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इसमें जोफ्रा आर्चर को शामिल नहीं किया गया है। आर्चर सोमवार को पारिवारिक समस्या के कारण अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए थे। ईसीबी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया था कि वह मंगलवार को टीम से जुड़ सकते हैं।


**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**
जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

## यूएस ओपन सुपर 300

# आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब




**मआयोवा (अमेरिका)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया, जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।



## जर्मन मास्टर्स गोल्फ में वाणी संयुक्त छठें स्थान पर

**हैमबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने अमूंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में निराशाजनक तीसरे दौर के बाद शानदार वापसी करते हुए अंतिम दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ अपने अभियान को संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। वाणी अक्टूबर 2022 के बाद एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर पहली बार शीर्ष 10 में रही है। उन्होंने इससे पहले हीरो महिला इंडियन ओपन में संयुक्त आठवां स्थान हासिल किया था। मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया। भारत की दीक्षा डागर भी संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में रही। दीक्षा ने चौथे दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दिनों में 69, 73 का कार्ड खेलने के बाद दीक्षा शीर्ष पांच में थी लेकिन तीसरे और चौथे दौर में 74, 74 के कार्ड के बाद वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी।

## ओलिवर विंबलडन के दूसरे दौर में

**लंदन।** ब्रिटेन के 21 वर्ष के क्वालीफायर ओलिवर टारवेट ने विंबलडन के जरिये ग्रैंडस्लैम पदार्पण में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 733वें स्थान पर काबिज टारवेट ने स्विटजरलैंड के लिएंड्रो रीडी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। अब दूसरे दौर में उनका सामना गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज या फेबियो फोगनिनी से हो सकता है। कॉलेज में टारवेट को हाल ही में लगातार दूसरे साल वेस्ट कोस्ट कांफरेंस प्लेयर आफ द ईयर चुना गया था।

## महिला मुक्केबाजी

# निकहत, लवलीना और नीतू ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

विश्व चैंपियन निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन ने वी लक्ष्या को 5-0 से हराया। अब फाइनल में वह ज्योति (आरएसपीबी) से खेलेंगी। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन ने उत्तर प्रदेश की स्नेहा को 75 किलो फाइनल में पहले दौर में मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता नीतू ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर 48 किलो फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना चंचल से होगा। स्वीटी ने 80 किलो सेमीफाइनल में अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की बबीता बिष्ट को 5-0 से हराया। अब उनका सामना आरएसपीबी की अल्फिया पठान से होगा।





### अंकुशिता ने अमिता को 5-0 से दी मात

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (टॉप्स) ने 65 किलो वर्ग में अमिता कुंडु (एआईपी) को 5-0 से मात दी। अब वह आरएसपीबी की शशि से खेलेंगी, जिन्होंने तेलंगाना की यशी शर्मा को 5-0 से हराया। प्रीति (टॉप्स) और तनु (एसएससीबी) ने 54 किलो के फाइनल में जगह बनाई जबकि बी चानू (आरएसपीबी) और कमलजीत कौर गिल (एआईपी) 57 किलो का फाइनल खेलेंगी। साइ की रितिका और एआईपी की शिवानी तोमर 80 प्लस वर्ग का फाइनल खेलेंगी।

आओ मिलकर
डेंगू रोकें
"जुलाई को डेंगू रोधी महीने के रूप में मनाएं"
डेंगू एक वायरल बीमारी है, जोकि ऐडीज मच्छर के काटने से फैलती है।
यह मच्छर दिन में काटता है व रुके हुए साफ पानी में ही पनपता है।
प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस (Drying Day) मनाएं तथा सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, फूलदानों इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अण्डे व लारवा मर जाएं
डेंगू के लक्षण
• अकस्मात तेज बुखार का होना।
• अचानक तेज़ सिर दर्द होना।
• मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना।
• आंखों के पीछे दर्द होना, जोकि आंखों को घुमाने से बढ़ता है।
आम जनता से अपील है कि डेंगू रोकने के लिए
• घरों के आस–पास गढ्डों को मिट्टी से भरवा दें।
• छत पर बेकार प्लास्टिक का सामान/बर्तन, पुराने टायर, नारियल खोल आदि को जमा न होने दें।
• प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस (Drying Day) मनाएं।
• पूरी बाजू के वस्त्र पहनें।
• मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें।
• कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें।
• छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें।
• बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।
इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में खून की जांच करवाएं। चिकित्सक की सलाह से ही दवाई खाएं।
दूर रखनी है यदि ये बीमारी, तो निभानी होगी सबको अपनी जिम्मेदारी
पानी ठहरेगा जहां - मच्छर पनपेगा वहां
Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on
हरियाणा सरकार
हरियाणावासियों के लिए राज्य के प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में प्लेटलेट्स की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है।
मुफ्त जांच सुविधाएं
• 27 सरकारी डेंगू जांच प्रयोगशालाओं में मुफ्त डेंगू की जांच उपलब्ध
• ये सभी प्रयोगशालाएं राज्य के प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में हैं
• सभी निजी लैब को अलाइजा आधारित एन.एस.–1 एवं आई.जी.एम. डेंगू टैस्ट ₹600 में करने के निर्देश
इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अपने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या जिला मलेरिया अधिकारी से सम्पर्क करें



स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

# जीएसटी दिवस आजः मोदी सरकार के टैक्स रिफॉर्म से छोटे व्यापारियों के लिए कारोबार करना हुआ आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हर साल एक जुलाई को 'जीएसटी डे' मनाया जाता है। इसी दिन आठ साल पहले 2017 में देश के सबसे बड़े टैक्स सुधारों में एक गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) को लागू किया गया था। जीएसटी को मोदी सरकार ने देश में व्यापार करने में सुविधा हो इसके तहत लागू किया था। इसमें राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा लगाए जाने विभिन्न टैक्सों को जीएसटी के तहत लगाया गया, जिससे कि नियमों का अनुपालन आसानी से हो और व्यापारी अलग-अलग टैक्स की जगह एक टैक्स चुकाकर आसानी से अपने बिजनेस को चला पाए। जीएसटी लागू तो 2017 में हुआ था, लेकिन इसे लाने का विचार पहली बार वर्ष 2000 में आया था। उस समय एक समिति का गठन जीएसटी कानून का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए किया गया था। 2004 में समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी।



पीएम मोदी ने जीएसटी को दी तेज गति

इसके दो साल बाद 2006 के अपने बजट भाषण में तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने 2010 में जीएसटी को देश भर में लागू करने का ऐलान किया था, लेकिन इसके प्रावधानों को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार के बीच मतभेदों के कारण यह लागू नहीं हो पाया था। फिर 2014 में मोदी सरकार आने के बाद इस बिल पर तेजी से काम हुआ और मई 2015 में जीएसटी बिल को संसद से मंजूरी मिल गई। इसके बाद सितंबर 2016 में जीएसटी काउंसिल की पहली बैठक हुई है और 1 जुलाई 2017 में इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया।

**जीएसटी 2017 में लागू हुआ था**

जीएसटी पर पहली बार साल 2000 में विचार हुआ था

2014 में मोदी सरकार आने के बाद इस बिल पर तेजी से काम हुआ

मई 2015 में जीएसटी बिल को संसद से मंजूरी मिल गई

## जीएसटी को मोदी सरकार ने देश में व्यापार करने में सुविधा हो इसके तहत किया लागू

### एक देश-एक मार्केट-एक टैक्स को अमली जामा पहनाया

जीएसटी लागू करने का उद्देश्य देश में 'एक देश-एक मार्केट-एक टैक्स' के विचार को अमली जामा पहनाना था। जीएसटी लागू होने से सर्विस टैक्स, वैट, परचेस टैक्स, एक्साइज ड्यूटी, एंटरटेनमेंट टैक्स जैसे अन्य कई टैक्स समाप्त हो गए। हालांकि, अभी भी शराब, पेट्रोलियम पदार्थ और स्टाम्प ड्यूटी को जीएसटी से मुक्त रखा गया है और इन पर पुरानी टैक्स व्यवस्था ही लागू होती है।




### देश का टैक्स कलेक्शन भी तेजी से आगे बढ़ा है

जीएसटी लागू होने के बाद देश का टैक्स कलेक्शन भी तेजी से आगे बढ़ा है। वित्त वर्ष 24 में कुल 20.18 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्ट किया गया था और इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपए था। वहीं, वित्त वर्ष 21 में यह आंकड़ा 11.37 लाख करोड़ रुपए था और इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 0.94 लाख करोड़ रुपए रहा था। मई 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो मई 2024 के 1.72 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 16.4 प्रतिशत अधिक था।

## खबर संक्षेप

### पशुपालन के बिना खेती लाभ का धंधा नहीं बन सकती : शिवराज चौहान

**बरेली (उप्र) (भाषा)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि पशुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बिना खेती लाभ का धंधा नहीं बन सकती। यहां भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में चौहान ने उपाधिधारकों का आह्वान करते हुए कहा, ''पशुपालन के बिना खेती लाभकारी नहीं हो सकती है, इसलिए यह आज भी महत्वपूर्ण है तथा आगे और भी काम करने की जरूरत है।'

### पाकिस्तान में दो आतंकी हमलों में 5 की मौत



**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो अलग-अलग घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय शांति समिति के तीन सदस्यों सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। शाहब खेल क्षेत्र में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

## आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की टिप्पणी पर सियासत तेज

संविधान में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने की कही थी बात


# संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे


**खरगे ने कहा, होसबाले मनुस्मृति को मानने वाले व्यक्ति**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की। बेंगलुरु में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने दावा किया कि होसबाले ''मनुस्मृति'' को मानने वाले व्यक्ति हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''वह नहीं चाहते कि गरीब वर्ग के लोग आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है।'' खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, ''आरएसएस हमेशा गरीब लोगों, दलितों और अनुसूचित जाति और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे।





**देश में भ्रम पैदा करना और शोर मचाना बुरी बात**

उनका दावा है कि वे हिंदू धर्म के चैंपियन हैं। यदि वे ऐसे हैं, तो उन्हें अस्पृश्यता को खत्म कर देना चाहिए।'' राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि आरएसएस को अपने सभी स्वयंसेवकों को यह सुनिश्चित करने के लिए तैनात करना चाहिए कि अस्पृश्यता दूर हो और देश को एकजुट रखा जाए। खरगे ने कहा, ''इसके बजाय, केवल बातें करना, शोर मचाना और देश में भ्रम पैदा करना, बुरी बात है और हम इसके खिलाफ हैं। अगर संविधान में किसी भी शब्द को छुआ गया तो पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी।

### ये कहा था दत्तात्रेय ने

26 जून को दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम और 27 जून को हैदराबाद में 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम में दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था कि मूल संविधान में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द नहीं थे। इमरजेंसी के समय इन्हें जोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा था- आपातकाल के दौरान भारत के संविधान की प्रस्तावना में दो शब्द सेक्युलरिज्म और सोशलिज्म जोड़े गए। ये पहले संविधान की प्रस्तावना में नहीं थे। बाद में इन्हें निकालने की कोशिश नहीं हुई। चर्चा हुई दोनों प्रकार के पक्ष रखे गए। तो क्या ये शब्द संविधान में रहना चाहिए। इस पर विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि इमरजेंसी के समय संविधान की हत्या की गई थी और न्यायपालिका की स्वतंत्रता खत्म कर दी गई थी। इमरजेंसी के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाला गया, 250 से ज्यादा पत्रकारों को कैद किया गया, 60 लाख लोगों की जबरन नसबंदी करवाई गई। अगर ये काम उनके पूर्वजों ने किया था तो उनके नाम पर माफी मांगनी चाहिए।' इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 28 जुलाई को कहा कि आपातकाल के दौर में संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके जोड़े गए 'धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी' शब्द नासूर बन गए हैं। प्रस्तावना पवित्र है और इसे बदला नहीं जा सकता, जोड़े गए शब्द सनातन की भावना का अपमान हैं।

## आज का राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं : धनखड़

**जयपुर (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि आज का राजनीतिक माहौल भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में राजस्थान प्रगतिशील मंच द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में धनखड़ ने कहा कि आज राजनीतिक आदान-प्रदान की तीव्रता और लहजा देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक ताने-बाने के लिए हानिकारक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह दबाव में नहीं आते और न ही किसी पर दबाव डालते हैं। उन्होंने कहा, ''आज की



राजनीति का माहौल और तापमान न तो हमारे लोकतंत्र के लिए उपयुक्त है और न ही हमारे प्राचीन सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी दुश्मन नहीं होते। सीमा पार दुश्मन हो सकते हैं, लेकिन देश के भीतर कोई दुश्मन नहीं होना चाहिए।'' उन्होंने विधायी आचरण में अधिक शालीनता का आह्वान किया तथा आगाह किया कि सदन के अंदर जनप्रतिनिधियों के आचरण के चलते जनता में असंतोष पैदा होने से लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र के मंदिरों में जो कुछ हो रहा है, उसे देखना चिंताजनक है। यदि इन संस्थाओं की गरिमा से समझौता किया गया, तो लोग विकल्प तलाशेंगे। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि पूर्व सांसद, विधायक सार्वजनिक संवाद की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन से नाराज

# तेलंगाना के भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में रामचंदर राव की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नये अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नये प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए भी झटका और निराशा लेकर आया है, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहकर उसका साथ दिया है।

**लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए झटका**

सिंह ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में कई योग्य वरिष्ठ नेता, विधायक और सांसद हैं, जिन्होंने भाजपा के विकास के लिए अथक काम किया है और जिनके पास पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए ताकत, विश्वसनीयता और संपर्क हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ व्यक्तियों ने निजी स्वार्थों के लिए केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया है तथा पर्दे के पीछे से नियंत्रण करते हुए निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा, ''इससे न केवल जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की कुर्बानियों की अवहेलना होती है, बल्कि पार्टी को अनावश्यक असफलताओं का सामना भी करना पड़ सकता है।''

## दक्षेस की जगह नए क्षेत्रीय समूह की स्थापना पर काम कर रहे पाकिस्तान, चीन : खबर

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया। इस घटनाक्रम से अवगत राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। सूत्रों का हवाला देते हुए अखबार ने कहा कि यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया।

## भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति!

# 9 जुलाई से पहले हो सकता है 'व्यापार समझौते' का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि इस समझौते का औपचारिक एलान ट्रंप की समयसीमा से एक दिन पहले आठ जुलाई को हो सकता है। इस समझौते के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल वॉशिंगटन में है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ी हुई है। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं।

**ट्रंप ने लगाया था 26 फीसदी टैरिफ**

अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील व ऑटो पार्ट्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है।

**निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा समझौता**

समझौते के लिए बातचीत का मकसद दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। 10 जून को वार्ता समाप्त होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौते पर बातचीत करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फरवरी 2025 में मिले, हमारे दोनों नेताओं ने एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते में प्रवेश करने का फैसला किया है।

## क्वाड देशों में बढ़ेगा सहयोग, लांच हुआ समुद्री पर्यवेक्षक मिशन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच अमेरिकी की अगुवाई में गठित किए गए चार देशों के क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान समूह ने अपने पहले समुद्री पर्यवेक्षक मिशन को लांच किया है। जिससे समुद्री सहयोग को काफी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चारों देशों के तटरक्षकबलों के बीच समुद्री सुरक्षा और अंतर संचालनीयता को मजबूती मिलेगी। इस मिशन को विलमिंगटन घोषणापत्र के तहत लांच किया गया है।

## आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप

# सीबीआई ने एसबीआई के पूर्व शाखा प्रबंधक पर दर्ज किया नया मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने असम में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा के पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अवैध संपत्ति रखने का मामला दर्ज किया है। उनपर कथित रूप से 80 लाख रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति रखने का आरोप है। एसबीआई रामकृष्णनगर शाखा, करीमगंज के पूर्व शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार पहले से ही दूसरे मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। उनपर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके ऋण स्वीकृत करने से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में कथित मिलीभगत करने का आरोप है। सीबीआई की शिलांग स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने प्रारंभिक जांचकर्ता से शिकायत प्राप्त होने के बाद 27 जून को पिंकू कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का नया मामला दर्ज किया।

पुनर्जन्म की मान्यता के आधार पर खोजा जाता है

# 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा कर सकते हैं उत्तराधिकारी की घोषणा!

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला



तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी का नाम जल्द ही सामने आ सकता है। 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन पर उत्तराधिकारी की घोषणा के कयास लगाए जा रहे हैं। 6 जुलाई को दलाई लामा 90 साल के पूरे हो जाएंगे। धर्मशाला के मैकलोडगंज में उनके लिए तीन दिवसीय जन्मदिन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के कई बड़े नेता दावा कर चुके हैं कि 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी का ऐलान कर सकते हैं। 14वें दलाई लामा ने 1959 में चीन के कारण तिब्बत छोड़ दिया था।

**पुरानी वस्तुएं दिखाई जाती हैं**

*तिब्बती बौद्ध धर्म में दलाई लामा चुनने की प्रथा सदियों पुरानी है। यह परंपरा पुनर्जन्म के सिद्धांत पर आधारित है। तिब्बत में ऐसी मान्यता है कि दलाई लामा दोबारा जन्म लेते हैं और एक नया रूप धारण करके अपना पद भार संभालते हैं। तिब्बती मान्यता के अनुसार, दलाई लामा की मृत्यु के 9 महीने बाद जन्में बच्चे को ढूंढा जाता है या फिर दलाई लामा अपनी मृत्यु से पहले कुछ संकेत देते हैं, जिसकी मदद से नए दलाई लामा को खोजा जाता है। नए दलाई लामा की खोज कई सालों तक भी चल सकती है।*

## बीएसएफ को राजौरी में एलओसी पर मिली सफलता

# पाक आतंकी गाइड गिरफ्तार, 20 हजार बरामद

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार शख्स की पहचान मोहम्मद आरिफ अहमद के तौर पर हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 20,000 पाकिस्तानी रुपए के साथ कुछ सामान भी बरामद किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक एक आतंकवादी गाइड है। पूछताछ में आरिफ अहमद ने बताया कि वह क्षेत्र की भौगोलिक इलाके से परिचित है और आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी सेना के निर्देश पर काम कर रहा था। बीएसएफ ने शख्स को राजौरी में एलओसी के पास मंजकोट सेक्टर से अरेस्ट किया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।



**मोहम्मद आरिफ अहमद के रूप में हुई पहचान**

*बीएसएफ के अनुसार 22 साल के शख्स की पहचान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के दातोटे गांव के निवासी मोहम्मद यूसुफ के बेटे मोहम्मद अरीब अहमद के रूप में हुई है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक के पास से एक मोबाइल फोन, दो लाइटर और कुछ रसीदें भी बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरिफ जैश ए मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक ग्रुप को भारतीय सीमा में लेकर जा रहा था। वहीं सीमा पर तैनात भारतीय जवानों ने रविवार (30 जून ) को उसे पकड़ लिया।*

**आतंकी हुए फरार**

अधिकारियों के मुताबिक उसके पास ही मौजूद आतंकवादी चट्टान से नीचे कूद गए और घायल होने के बाद वापस पाकिस्तान सीमा की तरफ लौट गए। पास में पाकिस्तान की चौकियां होने की वजह से सेना के जवान आतंकवादियों पर गोली नहीं चला सके। वहीं इलाके की ड्रोन फुटेज लेने पर इलाके में खून के निशान दिखाई दिए है, इससे पता चलता है कि आतंकवादियों के गिरने की वजह से वह घायल हुए थे।

## अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जयशंकर, क्वाड की बैठक में भाग लेंगे

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत-पाकिस्तान तनाव और दुनिया के कई भागों में जारी युद्ध के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर सोमवार से अमेरिका की तीन दिवसीय (30 जून से 2 जुलाई तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर की इस अमेरिका यात्रा के केंद्र में अमेरिका की अगुवाई वाले चतुष्कोणीय समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएन) में आतंकवाद के विषय पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाना शामिल है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद भारत-पाक के बीच हुए संघर्षविराम के बाद यह संभवतः पहला मौका होगा। जब जयशंकर अमेरिका की यात्रा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि डॉ.एस.जयशंकर मंगलवार 1 जुलाई को क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया) के विदेश मंत्रियों की बैठक के अगले संस्करण में भाग लेंगे।

**अमेरिका के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर हो रही भारत के विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25